जबलपुर | शुक्रवार | 5 सितम्बर 2025 | वर्ष 76 | अंक 212 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

जबलपुर 77 वां वर्ष संस्करण


5 बाढ़ से डूबी फसलें, शिवराज ने लिया जायजा


6 युवा शक्ति के सपनों को नई उड़ान


7 जीएसटी सुधार परिवर्तनकारी हैं : गोयल


8 अमित मिश्रा ने लिया संन्यास


शिक्षक दिवस आज

# खुशियों का डबल धमाका : मोदी

**22** सितम्बर नवरात्र के पहले दिन से जीएसटी होगा लागू | **2014** से पहले देश की जनता को भारी टैक्स ने दबाये रखा था | **21** प्रतिशत टैक्स टॉफी पर लगाया करती थी कांग्रेस

**नयी दिल्ली, 4 सितम्बर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जीएसटी में हुए बड़े सुधारों को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि ये बदलाव भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊँचाई देंगे और आम लोगों के जीवन को आसान बनाएंगे. उन्होंने कहा कि जीएसटी अब और भी सरल हो गया है और इसका अगला चरण 22 सितम्बर, यानी नवरात्रि के पहले दिन से लागू होगा.**

प्रधानमंत्री ने देशवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस दिवाली और छठ पूजा से पहले खुशियों का डबल धमाका मिलने वाला है. मोदी ने बताया कि रोजमर्रा की जरूरत की दर्जनों चीजों पर टैक्स घटाकर 5 प्रतिशत या शून्य कर दिया गया है, जिससे गरीब, नियो मिडिल क्लास, मिडिल क्लास महिलाएं, छात्र, किसान और नौजवान सभी को सीधा लाभ मिलेगा. मोदी ने कहा हमने जीएसटी का वादा पूरा किया. जीएसटी कम करने से लाइफस्टाइल भी जरूर बदलेगी. कांग्रेस पर हमला करते हुए मोदी ने



कहा कि पहले की सरकारें रसोई के सामान, खेती किसानी के उपकरण, दवाइयों और बीमा तक पर भारी टैक्स वसूलती थीं. अगर वही दौर जारी रहता तो आज किसी भी सामान पर 20 से 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स देना पड़ता. उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने टैक्स बोझ घटाकर जनता को असली राहत देने का काम किया है. जब कांग्रेस की सरकार थी तब बच्चों की टॉफी पर 21 प्रतिशत टैक्स लगाया करती थी. 2014 से पहले देश की जनता को भारी टैक्स ने दबाये रखा था. उन्होंने कहा कि जब आठ साल पहले जीएसटी लागू हुआ था तो यह स्वतंत्र भारत के सबसे बड़े आर्थिक सुधारों में से एक था. अब इसे जीएसटी 2.0 सपोर्ट और ग्रोथ की डबल डोज के रूप में नया स्वरूप दिया गया है, जो हर परिवार के जीवन को आसान बनाने के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा. मोदी ने जीएसटी सुधारों से जुड़े पंचरत्न का जिक्र किया. उनके अनुसार पहला, टैक्स सिस्टम कहीं अधिक सिंपल हुआ है. दूसरा, नागरिकों की क्वालिटी ऑफ लाइफ और बेहतर होगी. तीसरा, उपभोग और ग्रोथ दोनों को नया बूस्टर मिलेगा. चौथा, व्यापार करने में आसानी से निवेश और रोजगार बढ़ेंगे. पांचवां, विकसित भारत के लिए सहकारी संघवाद को और बल मिलेगा. प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार धनतेरस और दिवाली की रौनक और ज्यादा होगी क्योंकि लोगों की जेब में पहले से ज्यादा पैसा बचेगा. उनका लक्ष्य है कि आम जनता को अधिक से अधिक बचत और बेहतर जीवन मिले.

### करों की दरों में कमी से मध्यम वर्ग को राहत : शाह



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में की गयी भारी कमी से गरीबों और मध्यम वर्ग को बहुत राहत मिलेगी. शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से देश की जनता से वादा किया था, उसे उन्होंने पूरा कर दिया है. उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों की स्लैब कम करने और दवाओं, खाद्य वस्तुओं तथा अनेक आवश्यक वस्तुओं पर कर शून्य करने और कई वस्तुओं पर करों की दरों में भारी कमी से गरीबों, मध्यम वर्ग, किसानों, लघु उद्यमियों, महिलाओं और युवाओं को भारी राहत मिलेगी. शाह ने कहा कि कर ढांचे को आसान बनाने और आम नागरिकों पर करों का बोझ कम करने से न केवल जीवन आसान होगा बल्कि व्यापार करने में भी सहूलियत होगी.

### हेल्थ सेक्टर पर

**18 और 12 से घटकर 5 प्रतिशत के स्लैब में**

- इम्प्लांटेड डिवाइस एंड लाइफ सपोर्ट मशीनें : पहले 18%-अब 5%
- मेडिकल ग्रेड ऑक्सीजन : पहले 12%-अब 5%
- सभी डायग्नोस्टिक किट और उपकरण : पहले 12%-5%
- एक्स-रे मशीन, टेस्ट मशीन और उपकरण : पहले 12%- 5%

### ऑटोमोबाइल सेक्टर पर

**28 से घटकर 18 प्रतिशत के स्लैब में**

- पेट्रोल-पेट्रोल हाईब्रिड, एलपीजी, सीएनजी कार (1200 सीसी, 4 हजार मिमी से कम लंबाई), ई-व्हीकल : पहले 28%-18%
- डीजल-डीजल हाईब्रिड कार (1500 सीसी, 4 हजार मिमी से कम लंबाई) : पहले 28%, अब 18%
- मोटर साइकिल (350 सीसी से कम) : पहले 28%, अब 18%
- माल के परिवहन के लिए मोटर वाहन : पहले 28%, अब 18%

### रोजमर्रा की चीजें पर

**18 और 12 से घटकर 5 प्रतिशत के स्लैब में**

- हेयर ऑयल, शैम्पू, टूथपेस्ट, टॉयलेट सोप, साबुन, शौचालय की सफाई, दूध, पनीर और दही खट्टा : पहले 18%, अब 5%
- पेन-मार्कर, शार्पनर, पिनपेंसिल : पहले 12%, अब 5%
- दूध की बोतलें, शिशुओं के लिए नैपकीन और सैनिटरी नैपकिन : पहले 12%, अब 5%
- सिलाई मशीन और उर्जा : पहले 12%, अब 5%

### कृषि उपयोगी पर

**18 और 12 से घटकर 5 प्रतिशत के स्लैब में**

- ट्रैक्टर टायर और पार्ट्स : पहले 18%, अब 5%
- ट्रैक्टर : पहले 12%, अब 5%
- जैव-कॉटनसीड, माइक्रो न्यूट्रीएंट्स : पहले 12%, अब 5%
- ड्रिप सिंचाई प्रणाली और स्प्रिंकलर : पहले 12%, अब 5%
- कृषि कार्यों से जुड़ी मशीनें : पहले 12%, अब 5%

### सस्ती शिक्षा पर

**12 और 5 से घटकर 0 के स्लैब में**

- मैप, चार्ट ग्लोब : पहले 12%, अब 0%
- पेंसिल, शार्पनर, क्रेयॉन्स आदि : पहले 12%, अब 0%
- एक्सरसाइज बुक्स-नोटबुक्स : पहले 12, अब 0%
- रबर : पहले 5%, अब 0%

**इलेक्ट्रॉनिक इक्वपमेंट्स पर**

- एयर कंडीशनर्स : पहले 28 %, अब 18%
- टीवी (32 इंच से बड़ी : एलईडी-एलसीडी शामिल) : पहले 28%, अब 18%
- मॉनिटर-प्रोजेक्टर : पहले 28%, अब 18%
- डिश वॉशिंग मशीन : पहले 28%, अब 18%



सरकार द्वारा ऐतिहासिक जीएसटी सुधार

# घर में घुसकर किसान की गोली मारकर हत्या

- रात में तीन बार फायरिंग की आवाज आई
- सुबह कमरे में बेटे का खून से लथपथ शव मिला

**मुरैना. मुरैना में एक किसान की घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई. किसान के सिर में दो गोली मारी गईं. पत्नी जब चाय देने कमरे में गई तो किसान खून से लथपथ पड़ा था. पास ही तीन कारतूस पड़े थे. परिजन का कहना है कि रात में फायरिंग की आवाज आई थी, दरवाजा खोलकर देखा तो कुछ नजर नहीं आया. सुबह पलंग पर किसान का शव मिला.**

घटना अंबाह के तोरकुंभ गांव की है. पुलिस पहुंची और किसान विवेक शर्मा का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा. एक्स-रे में उसके सिर में दो गोलियां फंसी मिली.

थाना प्रभारी सतेंद्र सिंह कुशवाह ने बताया कि उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया है. यहां से तीन कारतूस बरामद हुए हैं. फोरेंसिक टीम को जांच के लिए बुलाया गया. मृतक विवेक शर्मा जिस कमरे में सो रहे थे, वह मकान की छत पर बना है. कमरे के दो दरवाजे हैं, एक छत की ओर और दूसरा बाहर बालकनी की ओर खुलता है. पास के मकानों की छतें भी आपस में जुड़ी हैं, जहां से कोई भी आसानी से आ-जा सकता है. किसान की मौत सिर में गोली लगने से हुई है.

### मृतक की मां का कहना है कि परिवार में भाई-बंधु के बीच दुश्मनी

मृतक की मां का कहना है कि विवेक की पत्नी, मां और बच्चे नीचे कमरे में सो रहे थे. पिता रामदत्त शर्मा घर के पास बने बाड़े में थे. वहीं बड़े भाई कुलदीप खेत पर बने कुएं पर सो रहे थे. विवेक की मां शीला देवी ने बताया कि रात करीब 3 बजे तीन बार फायरिंग की आवाज सुनाई दी थी. दरवाजा खोलकर बाहर देखा, लेकिन कुछ नजर नहीं आया. फिर वापस जाकर सो गई. सुबह बहू चाय देने ऊपर गई, तब उसने विवेक को पलंग पर खून से लथपथ देखा. बहू ने आकर हमें बताया. मृतक की मां का कहना है कि परिवार में भाई-बंधु के बीच दुश्मनी है. विवेक शर्मा खेती करके परिवार का गुजारा करता था. बड़ा भाई कुलदीप शर्मा पोरसा तहसील में स्टाम्प वेंडर और टाइपिस्ट है. पिता रामदत्त शर्मा अंबाह न्यायालय परिसर में स्टाम्प वेंडर रहे हैं.

## एक नजर में



### 1 एक्सबेट मामले में धवन से ईडी की पूछताछ

**नयी दिल्ली.** प्रतिबंधित ऑनलाइन सट्टेबाज़ी ऐप 1एक्सबेट से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी शिखर धवन से पूछताछ की. धवन ईडी के दफ्तर पहुंचे, जहां वरिष्ठ अधिकारियों की टीम उनका बयान दर्ज की है. एजेंसी को संदेह है कि धवन का इस ऐप से जुड़ाव विज्ञापनों और प्रचार अभियानों के ज़रिये रहा है. जांच अब उन प्रसिद्ध हस्तियों के प्रचार अनुबंधों पर केंद्रित की जा रही है, जिनके माध्यम से ऐसे मंचों का प्रसार किया गया.

### डीआरडीओ ने 3 महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी साझा की

**नयी दिल्ली.** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की हैदराबाद स्थित रक्षा धातुकर्म अनुसंधान प्रयोगशाला (डीएमआरएल) ने उद्योग जगत के भागीदारों को तीन उन्नत सामग्री प्रौद्योगिकी हस्तांतरित की हैं. रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी. कामत ने हाल ही में हैदराबाद स्थित प्रयोगशाला में आयोजित एक कार्यक्रम में उद्योग भागीदारों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए लाइसेंसिंग समझौते के दस्तावेज़ सौंपे.

### मणिपुर में शांति बहाली के लिए समझौते पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली.** मणिपुर में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में उग्रवादी संगठन कुकी-ज़ो परिषद ने राष्ट्रीय राजमार्ग-2 को यात्रियों और आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आवाजाही के लिए खोलने तथा वहां तैनात सुरक्षा बलों के साथ सहयोग करने का निर्णय लिया है. गृह मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि यह निर्णय कुकी-जो और उसके अफसरों के बीच सिलसिलेवार बैठकों के बाद लिया गया. गृह मंत्रालय, मणिपुर सरकार और कुकी राष्ट्रीय संगठन-यूनाइटेड पीपुल्स फ्रंट के प्रतिनिधियों के बीच हुई बैठक के बाद एक समझौते एसओओ पर भी हस्ताक्षर किये गये.


### सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम जमानत पर लगाई शर्त

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अग्रिम जमानत को लेकर बड़ा फैसला सुनाया. न्यायालय ने कहा कि इस अधिनियम में अग्रिम जमानत तभी दी जा सकती है जब प्रथम दृष्टया यह साबित हो जाए कि आरोपी ने कोई अपराध नहीं किया है. पीठ ने बॉम्बे उच्च न्यायालय का वह आदेश रद्द कर दिया, जिसमें एक आरोपी को अग्रिम जमानत दी गई थी. मामले में आरोपी पर शिकायतकर्ता को जातिसूचक शब्दों से सार्वजनिक रूप से अपमानित करने, लोहे की छड़ से पीटने और घर जलाने की धमकी देने का आरोप था.

# चूहों से शिशुओं की मौत शर्मनाक

**नयी दिल्ली, 04 सितम्बर (वार्ता) कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के इंदौर में राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में चूहों के काटने से दो नवजात शिशुओं की मौत को शर्मनाक बताते हुये कहा है कि अस्पतालों का निजीकरण कर भाजपा सरकार गरीबों के लिए उपचार कठिन बना रही है.**

गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को एक पोस्ट में कहा इंदौर में मध्य प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में दो नवजात शिशुओं की चूहों के काटने से मौत -यह कोई दुर्घटना नहीं, यह सीधी-सीधी हत्या है. यह घटना



**राहुल गांधी ने कहा-कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी**

इतनी भयावह, अमानवीय और असंवेदनशील है कि इसे सुनकर भी रूह कांप जाए. एक मां की गोद से उसका बच्चा छिन गया, सिर्फ इसलिए क्योंकि सरकार ने अपनी सबसे बुनियादी जिम्मेदारी नहीं निभाई. उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र को जानबूझकर निजी हाथों में सौंपा -जहां इलाज अब सिर्फ अमीरों के लिए रह गया है और गरीबों के लिए सरकारी अस्पताल जीवनदायी नहीं, मौत के अड्डे बन गये हैं. प्रशासन हर बार की तरह कहता है 'जांच होगी' लेकिन सवाल है कि जब आप नवजात शिशु की सुरक्षा तक नहीं कर सकते, तो सरकार चलाने का क्या हक़ है. उन्होंने कहा मोदी जी, यह आवाज़ उन लाखों मां-बाप की तरफ से उठ रही है जो आज सरकारी लापरवाही का शिकार हो रहे हैं. क्या जवाब देंगे. हम चुप नहीं रहेंगे.

# भारत-सिंगापुर रिश्तों को नई ऊंचाई

- दोनों नेताओं की रणनीतिक रोडमैप पर सहमति

**नयी दिल्ली, 4 सितम्बर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के बीच गुरुवार को हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय बैठक में भारत-सिंगापुर संबंधों को नई दिशा देने वाले कई अहम फैसले हुए. दोनों नेताओं ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए एक नया रोडमैप अपनाया और व्यापार, निवेश, तकनीक व सुरक्षा सहयोग को और गहरा करने पर सहमति जताई.**



दोनों नेताओं ने इस अवसर पर सिंगापुर की कंपनी एसपीए इंटरनेशनल द्वारा विकसित भारत मुंबई कंटेनर टर्मिनल फेज - 2 का उद्घाटन भी किया. साथ ही मलक्का जलडमरूमध्य में संयुक्त गश्त में शामिल होने के भारत के प्रस्ताव पर सिंगापुर ने सकारात्मक रूख व्यक्त किया है.

विदेश मंत्रालय के सचिव पी. कुमारन ने बताया कि सिंगापुर ने भारत को भरोसा दिलाया है कि वह आसियान के अन्य देशों को भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की समीक्षा के लिए राजी करने का हरसंभव प्रयास करेगा.

> पीएम मोदी ने प्रेस वार्ता में कहा कि भारत और सिंगापुर के बीच संबंध केवल कूटनीतिक दायरे तक सीमित नहीं हैं, बल्कि साझा मूल्यों और परस्पर हितों पर आधारित हैं. उन्होंने सिंगापुर को भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का अहम स्तंभ बताया और कहा कि दोनों देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति व स्थिरता के लिए मिलकर काम करेंगे.

**ऐलान** सफाई मित्रों संग किया भोजन, 50 सिटी बसों को हरी झंडी, तीन पार्षद व वार्ड किए सम्मानित

# एमपी का पश्चिम भारत से सीधा कनेक्शन बनेगा : सीएम

नवभारत न्यूज

**इंदौर. बीसीसी यानि ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में गुरुवार को आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर को विकास की नई दिशा देने वाले कई महत्वपूर्ण ऐलान किए. उन्होंने इंदौर-मनमाड़ रेलवे लाइन को लेकर केंद्र सरकार से चल रही सकारात्मक चर्चा की जानकारी दी, वहीं जीएसटी सिस्टम को और सरल बनाने का भरोसा भी दिलाया.**

इसी मंच से सीएम ने इंदौर-उज्जैन मेट्रो प्रोजेक्ट के विस्तार, 50 सिटी बसों की शुरुआत और सफाई मित्रों संग भोजन जैसे



संदेशात्मक कदमों से माहौल को ऊर्जा से भर दिया. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर-मनमाड़ रेलवे लाइन प्रदेश और पश्चिम भारत के बीच सीधा कनेक्शन बनाएगी. इस परियोजना के पूर्ण होने से इंदौर से नासिक, मुंबई और गुजरात तक के सफर में न केवल समय बचेगा, बल्कि व्यापार और उद्योगों को भी नई गति मिलेगी. उन्होंने बताया कि राज्य सरकार इस प्रोजेक्ट को प्राथमिकता में रखकर केंद्र से समन्वय कर रही है.

### जीएसटी में राहत से होगा सशक्तिकरण

केंद्र सरकार की ओर से माल एवं वस्तु कर (जीएसटी) के विभिन्न स्लैब में दी गई राहत पर प्रतिक्रिया देते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गुरुवार को कहा कि इसका देश की लगभग 90 प्रतिशत से ज्यादा आबादी को लाभ मिलेगा और इससे हर वर्ग का सशक्तिकरण होगा. डॉ यादव ने अपने बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर क्षेत्र का और हर व्यक्ति का ध्यान रखते हैं.

# सोनिया गांधी के खिलाफ याचिका

## नागरिकता 1983 में, मतदाता सूची में नाम 1980 में

**नई दिल्ली, 4 सितम्बर. कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के खिलाफ एक याचिका अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया की अदालत में दायर की गई है. याचिका में आरोप लगाया गया है कि उनका नाम भारतीय नागरिक बने बिना ही 198 की मतदाता सूची में दर्ज किया गया था.**



झशिकायतकर्ता विकास त्रिपाठी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पवन नारंग ने दलील दी कि सोनिया गांधी ने 30 अप्रैल, 1983 को भारतीय नागरिकता ग्रहण की थी, लेकिन उससे तीन वर्ष पहले ही उनका नाम नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल था. अदालत ने प्रारंभिक बहस सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई 10 सितंबर को निर्धारित की है.

अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि 1980 की सूची में नाम दर्ज होने के बाद 1982 में इसे हटा दिया गया और 1983 में नागरिकता लेने के बाद पुन: जोड़ा गया. उन्होंने सवाल उठाया कि 1980 में नाम दर्ज कराने के लिए चुनाव आयोग को कौन से दस्तावेज उपलब्ध कराए गए थे.